जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-6 | जयपुर, सोमवार, 7 फरवरी, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# भारत रत्न लता मंगेशकर का 92 साल की उम्र में निधन




## संगीत की दुनिया के 8 सुरमयी दशक

92 साल की लता जी ने 36 भाषाओं में 50 हजार गाने गाए, जो किसी भी गायक के लिए एक रिकॉर्ड है। करीब 1000 से ज्यादा फिल्मों में उन्होंने अपनी आवाज दी। 1960 से 2000 तक एक दौर था, जब लता मंगेशकर की आवाज के बिना फिल्में अधूरी मानी जाती थीं। उनकी आवाज गानों के हिट होने की गारंटी हुआ करती थी। सन 2000 के बाद से उन्होंने फिल्मों में गाना कम कर दिया और कुछ चुनिंदा फिल्मों में ही गाने गाए। उनका आखिरी गाना 2015 में आई फिल्म डुन्नो वाय में था। करीब 80 साल से संगीत की दुनिया में सक्रिय लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। 13 साल की छोटी उम्र में 1942 से उन्होंने गाना शुरू कर दिया था। लता जी के पिता पं. दीनानाथ मंगेशकर संगीत की दुनिया और मराठी रंगमंच के जाने पहचाने नाम थे। उन्होंने ही लता जी को संगीत की शिक्षा दी थी। 5 भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता जी की तीन बहनें आशा भोसले, उषा मंगेशकर, मीना मंगेशकर और भाई हृदयनाथ मंगेशकर हैं।

**मुंबई (हमारा वतन)** आखिर भारत देश ने अपना सबसे अमूल्य रत्न खो दिया। कोरोना की कर्कश आवाज भारत की स्वर कोकिला को लील गई। 6 फरवरी को सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर कोरोना से जंग हार कर दुनिया को विदा कह गई। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। 92 साल की लता जी की कोरोना रिपोर्ट 8 जनवरी को पॉजिटिव आई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके भर्ती होने की खबर भी 2 दिन बाद 10 जनवरी को सामने आई थी। उन्होंने कोरोना और निमोनिया दोनों से 29 दिन तक एक साथ जंग लड़ी।

**सुबह 8.12 बजे लता जी ने अंतिम सांस ली-** उन्हें ब्रीच कैंडी अस्पताल के ICU में रखा गया था। लंबे समय से लता ताई का इलाज कर रहे डॉ. प्रतीत समधानी की देखरेख में ही डॉक्टर्स की टीम उनका इलाज कर रही थी। इलाज के दौरान उनकी हेल्थ में सुधार भी देखा जा रहा था। उन्हें लगातार ऑब्जर्वेशन में रखा गया। करीब 5 दिन पहले उनकी सेहत में सुधार होना भी शुरू हो गया था। ऑक्सीजन निकाल दी गई थी, लेकिन ICU में ही रखा गया, लेकिन रविवार को सुबह 8.12 बजे उनका निधन हो गया। डॉ. प्रतीत ने बताया कि मल्टी ऑर्गन फेल्योर उनकी मौत की वजह रही। स्वर कोकिला, दीदी और ताई जैसे नामों से लोकप्रिय लता जी के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। फैंस उनके ठीक होने की दुआएं कर रहे थे, लेकिन इस बुरी खबर से करोड़ों संगीत प्रेमियों का दिल टूट गया। सैंकड़ों कालजयी गानों को अपनी आवाज देने वाली लता जी अनंत यात्रा पर चली गई।

**घर के नौकर के पॉजिटिव आने के बाद आई कोरोना की चपेट में-** लता जी लगभग दो साल से घर से नहीं निकली थीं। वे कभी-कभी सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के लिए संदेश देती थीं। बढ़ती उम्र और गिरती सेहत के कारण वे अपने कमरे में ही ज्यादा समय गुजारती थीं। उनके घर के एक स्टॉफ मेंबर की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद उनका टेस्ट कराया गया था। 8 जनवरी को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

## प्रभु कुंज की आभा गुम

लता मंगेशकर अपनी बहन उषा और भाई हृदयनाथ के साथ मुंबई के पेडर रोड स्थित प्रभुकुंज में पहले फ्लोर पर रहती थीं। कई सालों से वे यहां रह रही थीं। बहन आशा भोसले भी यहां से कुछ दूरी पर ही रहती हैं। सालों तक प्रभाकुंज सोसायटी की सुबह लता मंगेशकर के संगीत के रियाज से ही शुरू होती रहीं। खराब सेहत के कारण करीब 4 साल से उनका रियाज लगभग बंद सा ही था। नवंबर 2019 में भी लता जी को निमोनिया और सांस की तकलीफ के कारण ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। जहां वे 28 दिन भर्ती रही थीं। नवंबर 2019 के बाद से उनका घर से निकलना भी लगभग बंद हो चुका था।

## 2001 में मिला था भारत रत्न

लता मंगेशकर को 2001 में संगीत की दुनिया में उनके योगदान के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया था। इससे पहले भी उन्हें कई सम्मान दिए गए, जिसमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और दादा साहेब फाल्के सम्मान भी शामिल हैं। कम ही लोग जानते हैं कि लता जी गायिका के साथ संगीतकार भी थीं और उनका अपना फिल्म प्रोडक्शन भी था, जिसके बैनर तले बनी फिल्म लेकिन थी, इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट गायिका का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था, 61 साल की उम्र में गाने के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली वे एकमात्र गायिका रहीं। इसके अलावा भी फिल्म लेकिन को 5 और नेशनल अवॉर्ड मिले थे।

# वूमन वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष जगविन्द्र कौर ने किया महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित



**चौमूं (हमारा वतन)** शहर के राधास्वामी बाग़ स्थित महिला उत्थान को समर्पित वूमन वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष जगविन्द्र कौर ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया ।जानकारी के अनुसार सोसायटी अध्यक्ष जगविन्द्र कौर ने चौमूं नगरपालिका के वार्ड नंबर 4 और 11 की सैकड़ों महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि हम घर पर रहकर स्वरोजगार कर सकती हैं, इसकी जानकारी हमें दी गई । अब हम जल्द ही वूमन वेलफेयर सोसाइटी के अंडर में अपने स्वयं का रोजगार चालू करेंगे। सोसायटी अध्यक्ष जगविन्द्र कौर ने बताया कि हमारी सोसायटी द्वारा केंद्र सरकार की दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण एंटरप्राईजेज प्रोजेक्ट की जानकारी देकर स्व रोजगार के लिए प्रेरित किया । जल्द ही महिला समूह गठित कर उनको केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान आरओ शंकर यादव,सोहन लाल सैनी, नीतू सैनी,प्रियंका शर्मा ,अर्चना शर्मा,अनीता शर्मा ,रितु,आशीष और नित्यानंद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

# पूर्व पार्षद हनुमान सहाय गोरा ने दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** ईटावा भोपजी में दौड़ प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व पार्षद हनुमान सहाय गोरा ने कहा की खेलों से युवाओं का शारीरिक विकास होता है । जिसमें 16 मीटर दौड़ में प्रथम विजेता को 11 सो रुपए नगद व मेडल, सेकंड नंबर को 500 रुपए नगद व मेडल व तृतीय विजेता को 250 रुपए नगद व मैडल दिया गया। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ में प्रथम विजेता को 500 रुपए नगद व मेडल, सेकंड विजेता को 250 रुपए नगद व मेडल देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, ग्राम इटावा सरपंच प्रतिनिधि मोहन बराला, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुभाष शर्मा ,अजय पलसानिया ,सांवरमल जाखड़, सुभाष योगी, प्रीतम सेन, ओमप्रकाश पलसानिया, गोपाल यादव, मूल शंकर मेहता, मीडिया प्रभारी नानू यादव आदि लोग मौजूद रहे ।





# शिक्षिकाओं ने किया हल्दी कुमकुम का आयोजन

**मुंबई (हमारा वतन)** गुरु नानक विद्यालय भांडुप में प्रधानाचार्या हरवंश कौर की अध्यक्षता में शिक्षिकाओं द्वारा हल्दी कुमकुम समारोह का आयोजन शिक्षक स्टाफ कक्ष में किया गया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को फल-फूल प्रसाद के रूप में देकर माथे पर तिलक लगाया। यह सांस्कृतिक परंपरा के मेलजोल का प्रतीक है। इस अवसर पर उपप्राचार्या सिमरन कौर के अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं अन्य स्टाफ भी उपस्थित था। प्रधानाचार्या ने इस सांस्कृतिक मेल-जोल वाले कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को बसंत ऋतु की शुभकामनाएं दीं।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9785438901, 8949138008

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# त्वेषा - द लाइटेड लैंप ग्लोबल फाउंडेशन का हुआ भव्य शुभारम्भ





**जयपुर (हमारा वतन)** एक एनजीओ की नींव का विचार हमारे लिए वाकई प्रेरणादायक होता है जिस प्रकार दीपक से जलती लौ और सूरज से निकली हुई एक किरण हमारे जीवन में उजियारा भरती है जिससे न सिर्फ व्यक्ति स्वयं ऊर्जावान होता है अपितु संपूर्ण मानव जाति में भी आशा का एक नया दीप प्रज्वलित करता है। इसी समान भावना के साथ त्वेषा - द लाइटेड लैंप ग्लोबल फाउंडेशन की नींव बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर होटल क्लार्क्स कलेक्शन में रखी गई। कार्यकम में मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन सेंट्रल हज कमिटी तनवीर अहमद, विशिष्ट अतिथि बगरू पूर्व विधायक कैलाश वर्मा , स्पेशल गेस्ट सामाजिक कार्यकर्त्ता और न्यूज़ रीडर ममता शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आए हुए सभी अतिथियों का माल्यर्पण कर स्वागत सम्मान किया और स्मृति चिन्ह के रूप में लाइटेड लैंप भेंट किया गया।

मुख्य अतिथि तनवीर अहमद ने कहा कि शास्त्री जी का उदाहरण देकर रेखा राज को अपने पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। कैलाश वर्मा ने खुद एक प्रेरणा स्त्रोत बनकर सभी को आगे बढने को कहा। ममता शर्मा जो खुद एक समाज सेविका है, उन्होंने कहा की जब इरादा हो आसमान छूने का तो साथ खुद देता है भगवान। संस्था की संस्थापक एवं निदेशक रेखा राज ने बताया बताया कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे समाज में समानता और संपन्नता आनी संभव है। संस्था का मुख्य उद्देश्य लोगों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना है एंव समाज और राष्ट्र हित से जुड़े काम में लोगों को बढ़-चढ़कर भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। संस्था की चेयर पर्सन,वरिष्ठ शिक्षिका , सोशल एक्टिविस्ट डॉ सीमा झालानी ने बताया कि यूं तो अनेकों सामाजिक संस्थाएं कार्यरत है पर संस्था का मुख्य उद्देश्य विशेषतः युवा वर्ग , महिलाओं , वरिष्ठ नागरिक कों सहयोग प्रदान करना है जिससे वे एक नवीनतम समाज का निर्माण कर सकें। एक कुशल व शिक्षित व्यक्ति देश हित की दिशा में अग्रसर रहकर अपना भरपूर योगदान दे सकता है। संस्था की जनरल सेकट्री डॉ किरण राज ने बताया कि देश का विकास तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपना कार्यभार निष्ठा व ईमानदारी से पूर्ण करें। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन पूरे हर्षोउल्लास के साथ हुआ। इस दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर एंड चेयर पर्सन रेखा राज, फाउंडर त्वेषा, को-फाउंडर, डायरेक्टर संदीप जांगिड,यूथ प्रेसिडेंट दानिया रोशन, महिला प्रेसिडेंट डॉ सीमा झालानी, वाइस प्रेसिडेंट काशवी जैन, जनरल सेक्रेटरी डॉ किरण राज, कोषाध्यक्ष अनीता जैन, पीआरओ नीना सरकार भी मौजूद रही।



# धूमधाम से मना साईं मंदिर का 11वाँ पाटोत्सव



**जयपुर (हमारा वतन)** राजधानी जयपुर की चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित शिरडी साई मंदिर का 11वाँ पाटोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान साई नाथ का श्रंगार कर फूल बंगला झांकी सजाई गई। मंदिर महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि जब से इस साई मंदिर की स्थापना हुई है तब से लगातार हर साल मंदिर में तीन दिवसीय पाटोत्सव का आयोजन भक्तों के सहयोग से किया जाता रहा है। पाटोत्सव के अवसर पर विश्व में शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। साथ ही कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया ।इस दौरान काना एंड पार्टी द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गई,जिससे श्रोता भावविभोर होकर नाचने गाने लगे। पाटोत्सव के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईटावा भोपजी से पधारे स्कूल स्टाफ को दुपट्टा,माला,शाल और साई नाथ की फोटो भी भेंट की गयी। इस अवसर पर प्रेम सिंह सोलंकी, भवानी सिंह सिसोदिया, गोपाल बजाज, रविन्द्र सिंह नाथावत, डॉ हरिवल्लभ सैनी, आचार्य गिरराज शर्मा, प्रहलाद कुमार सराफ ,भूपेंद्र सिंह नाथावत, जितेंद्र सिंह,उमाशंकर सिंह, मानसिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भामाशाहों से 77 लाख रुपए खर्च करवाकर विकास कराने वाली पहली पंचायत बनी देवथला

## सौगना परिवार को है अपनी जन्मभूमि से गहरा लगाव




- सौगना परिवार ने 77 लाख रुपए खर्च किए ग्राम के विकास में
- पूर्व जिला पार्षद हनुमान सहाय दुसाद ने किया भामाशाहों को प्रेरित

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर जिले की गोविंदगढ़ पंचायत समिति की देवथला ग्राम पंचायत ने भामाशाहों से 77 लाख रुपए खर्च कर विकास कार्य कराने वाली पहली पंचायत बन गई है।

ग्राम पंचायत सरपंच कोयली देवी दुसाद ने सौगना परिवार का धन्यवाद प्रकट किया है और कहा है की सौगना परिवार अपनी जन्मभूमि के विकास के लिए प्रतिबद्ध है

**सौगना परिवार द्वारा गाँव में प्रमुख विकास कार्य**

1. गांव की पेयजल व्यवस्था के लिए 25 पानी की टंकियों का निर्माण , करीब 15 लाख रुपए।
2. स्वर्गीय शिप्रा गर्ग सौगना के नाम से गांव की बेटियों के लिए 21 लाख रुपए की लागत से आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण।
3. गांव में मुख्य सड़क पर हादसे रोकने के लिए 10 बैरियर का निर्माण, लागत करीब 2 लाख 50 हजार रुपए।
4. गांव में भव्य शनिदेव और गणेश जी का मंदिर निर्माण, लागत 5 लाख रुपए (कार्य प्रगति पर)।
5. गांव के मुख्य द्वारों पर चार गेट का निर्माण , लागत 2 लाख रुपए।
6. कन्या पाठशाला स्कूल में चारदीवारी का निर्माण, 80 बच्चों के लिए टेबल, कुर्सी, लागत ढाई लाख रुपए।
7. कृष्ण जी के मंदिर के पास शिव मंदिर लागत 9 लाख रुपए, (मांगीलाल सौगना द्वारा)।
8. आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बच्चों की दरिया, टेबल, कुर्सी ,अलमारी, पानी के फैन आदि , लागत 5 लाख रुपए।
9. ग्राम पंचायत में 21 कुर्सी, एसी, अलमारी, टेबल आदि, लागत 5 लाख रुपए (बनवारी सौगना)।
10. राजकीय बालिका विद्यालय बाढ़ देवथला शिशमावाली ढाणी में शिप्रा गर्ग सौगना हॉल, आंगनवाड़ी केंद्र की घोषणा, लागत 10 लाख रुपए।

पूर्व जिला पार्षद हनुमान सहाय दुसाद ने गांव के भामाशाहों को प्रेरित कर गांव के विकास में चार चांद लगा दिए हैं। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी ,उपसरपंच सांवरमल वर्मा और वार्ड पंचों का भी पूर्ण सहयोग रहा है।

# डॉ.श्रवण बराला के जन्मदिन पर अनेक जगह हुए सामाजिक कार्यक्रम



**जयपुर (हमारा वतन)** स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बराला हॉस्पिटल के निदेशक डॉ श्रवण बराला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सर्वप्रथम दादर धाम जुगजीवण बाबा के दर्शन किए तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। वहां पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जाहोता ग्राम पंचायत में डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पुष्प अर्पित किया।

गणमान्य नागरिकों ने माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। डॉ.बराला ने ग्राम आष्टी कला गौशाला पहुंचकर गायों के लिए एक पिकअप चारा उपलब्ध करवाया तथा वहां सभी गायों को गुड़ खिलाकर जन्मदिन के अवसर पर पुण्य कार्य किया। गौशाला से सीधे भगत सिंह सर्किल पहुंचकर शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और पक्षियों के लिए पानी व दाने के परिन्डे लगाया गया। शारदा पुस्तकालय बापू बाजार में चल रहे लघु पुस्तक मेले में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ श्रवण बराला ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इसके उपरांत डॉ.बराला अस्पताल पहुंचे और सर्वप्रथम उत्तमा सेवा समिति और बराला अस्पताल के सभी विभागों के द्वारा केक,साफा,माला,गुलदस्ते व बाबा साहेब की प्रतिमा भेट की गयी। कार्यक्रम में डॉ.जीएल जाट,डॉ.ललित गर्ग,डॉ.हनुमान बराला, डॉ .विनय अग्रवाल, डॉ .पूरण सैनी ,डॉ मुकेश कुलदीप,डॉ .हरफूल चौधरी ,डॉ. शिखा मील, डॉ. विपिन बराला ,डॉ.महेश तंवर, डॉ.लखपत यादव, डॉ.कपिल देव शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# यज्ञोपवीत संस्कार के पोस्टर का हुआ विमोचन



**जयपुर (हमारा वतन)** ब्राह्मण समाज जयपुर जिला देहात की ओर से 13 फरवरी को शहर के मोरीजा रोड स्थित काग्लियां वाले बालाजी मंदिर में आयोजित होने वाले चतुर्थ (यज्ञोपवीत) उपनयन संस्कार के पोस्टर का शुक्रवार को समाजसेवी रामकृपाल शर्मा ने विमोचन किया। जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने बताया कि 50 बटुको का पंजीयन हो चुका है तथा पंजीयन की अंतिम तिथि 8 फरवरी रखी गई है। तहसील उपाध्यक्ष डॉ राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण बटुको का उपनयन संस्कार सही समय पर होने पर बालक का बौद्धिक व मानसिक विकास होता है जिससे बालक को शिक्षा में सफलता मिलती है वह जीवन में उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। इस दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम समाज को एक नई दिशा प्रदान करने वाला है। इसमें समाज में नई जागृति का संचार होगा। इस दौरान समाज के गोपाल लाल शर्मा ,संदीप शर्मा, प्रदीप शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जॉब्स

1. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद आईएएस/ आईएसएस, पद संख्या 1021, अंतिम तिथि 22 फरवरी 2022
2. राजस्थान विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पद टेक्निकल हेल्पर थर्ड, पद संख्या 1512, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022
3. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद कंप्यूटर अनुदेशक, पद संख्या 10157, अंतिम तिथि 9 मार्च 2022
4. .स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) सीएचएसएल 2021, पद एलडीसी, जेएसए, डीईओ, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 7 मार्च 2022
5. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसफ), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
6. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसफ), पद कॉन्स्टेबल/ फायर, पद संख्या 1149,अंतिम तिथि 4 मार्च 2022
7. यूपी पुलिस, पद असिस्टेंट ऑपरेटर, पद संख्या 1374, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022
8. यूपी पुलिस, पद असिस्टेंट ऑपरेटर, पद संख्या 1374, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022

# छात्र नेता हंसराज यादव ने दी रीट धांधली को लेकर प्रदेश में उग्र आंदोलन की चेतावनी?



**चौमूं (हमारा वतन)** युवा कृषि छात्र नेता हंसराज यादव ने रीट धांधली को लेकर प्रदेश में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। छात्र नेता हंसराज यादव ने बताया कि प्रदेश में पिछले दिनों हुई रीट परीक्षा में हद से ज्यादा धांधली को लेकर युवा वर्ग में प्रदेश सरकार पर आक्रोश है। गहलोत सरकार ने गरीब मध्यम वर्ग के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। इस पर युवाओं का कहना है कि प्रदेश सरकार जल्द से जल्द सीबीआई जांच व हमारी अन्य मांगों को पूरा करें अगर ऐसा नहीं होता है तो गहलोत सरकार को खुली चेतावनी है की प्रदेश में उग्र आंदोलन होगा।

# यश दासगुप्ता संग शादी करने पर बोलीं नुसरत जहां- हमें जरूरत नहीं

बंगाली एक्ट्रेस और टीएमसी सांसद नुसरत जहां अपने प्रोफेशनल काम से कहीं ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में रहती हैं। पिछले दो साल से उनकी शादी ,तलाक या फिर प्रेग्नेंसी से लेकर हर चीज पर खूब बवाल मचा। बीते साल जब



उन्होंने अपने बेटे ईशान को जन्म दिया तो लोगों ने उन्हें खूब ट्रोल किया, क्योंकि एक्ट्रेस के एक्स पति ने ये दावा किया था कि ईशान उनका बेटा नहीं है। इसके साथ ही नुसरत का नाम अभिनेता यश दासगुप्ता जोड़ा गया और तब से वह लगातार अफेयर और दोबारा शादी करने की अटकलों को लेकर खबरों में रहीं। हालांकि अब दासगुप्ता के संग अपनी शादी की अटकलों पर अब एक्ट्रेस ने रिएक्शन दिया है और इशारों-इशारों में ये कबूल किया है कि उन्होंने दास गुप्ता से शादी कर चुकी है। वे 2020 से साथ हैं और उनका एक बच्चा भी है।

**कई मौके पर दास के साथ दिखीं नुसरत**-गौरतलब है कि नुसरत जहां ने 26 अगस्त को जब बेटे ईशान को जन्म दिया था तब बच्चे के पिता को लेकर खूब हंगामा हुआ। हालांकि जब बच्चे का बर्थ सर्टिफिकेट सामने आया तो साफ हो गया है कि उनके बेटे का पिता कौन है। बच्चे के बर्थ सर्टिफिकेट पर यश दासगुप्ता का नाम लिखा और इससे साबित हो गया था कि वहीं बच्चे के पिता हैं। वहीं जब बेबी बर्थ के बाद जब नुसरत घर लौटीं तो यश नवजात को गोद में लिए हुए दिखे। इसके अलावा कई ऐसे मौके आए जब नुसरत को एक्टर यश दासगुप्ता के साथ देखा गया। रिपोर्ट की मानें तो नुसरत, इन दिनों दासगुप्ता के साथ लीव इन रहती हैं।

# नन्हें-मुन्हों की सेहत के लिए भी कमाल कर सकता है केसर



केसर वह जादुई मसाला है जो सौंदर्य से लेकर स्वास्थ्य तक के लिए कमाल कर सकता है। पर क्या आप इसे छोटे बच्चों के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं? जवाब है 'हां' बेबी जैसे जैसे-जैसे बड़ा होता है मॉम्स की चिंता बढ़ने लगती है। सबसे पहले जो समस्या हर मां के सामने आती है वह है कि बेबी को क्या खिलाएं। साथ ही, ऐसा क्या खिलाएं जो बेबी को सभी बेमारियों से बचाए। क्योंकि 6 महीने के बाद डॉक्टर सिर्फ लिक्विड और सेमी लिक्विड डाइट की सलाह देते हैं ऐसे में सही पोषण देना बहुत मुश्किल हो जाता है। मगर हमारे पास एक ऐसा किचन इंग्रीडिएंट है, जो आपकी इन सभी समस्याओं को हल कर सकता है। वह खास सामग्री है केसर। केसर में वे सभी पोषक तत्व होते हैं, जिनकी आपके बेबी को ज्रूरत है। तो चलिये जानते है कि आपके बेबी के लिए कैसे फायदेमंद है केसर और इसे इस्तेमाल करने का सही तरीका।

**आपके बेबी के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है केसर**

**हड्डियों के विकास में मदद करता है**-बचपन में ही बच्चों की हड्डियां सबसे तेज़ी से विकसित होती हैं। केसर में कैल्शियम और फाइबर होता है। ये पोषक तत्व हड्डियों के विकास और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं।

**बेबी के मूड को बूस्ट करे**-यह एक स्फूर्तिदायक और मूड स्टेबलाइजर है। केसर बेबी के चिड़चिड़ापन और रोने को रोकने में मदद करता है। एनसीबीआई के अनुसार केसर मूड को बूस्ट करता है।

**फ्लू से बचाए**-छोटे बच्चे अक्सर फ्लू और सर्दी की चपेट में आ जाते हैं। गर्म तासीर का होने के कारण केसर बुखार, सर्दी और फ्लू के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है।

**भूख और पाचन को बढ़ावा देने में मदद करे**-यह बच्चों के पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। एनसीबीआई के अनुसार केसर में एंटीबायोटिक और गुड बैक्टीरिया होते हैं। ये तत्व पाचन क्रिया को सुचारू रूप से चलाने में मदद करते हैं।

**दृष्टि बढ़ाए**-केसर में मौजूद बीटा कैरोटीन रेटिना को मजबूत बनाने में मदद करता है। नतीजतन, आपके बेबी की दृष्टि में सुधार होता है और यह लंबे समय तक अच्छी रहती है।

**याददाश्त बढ़ाने में मदद करे**-न्यूरोनल विकास और शिशु मस्तिष्क के निर्माण के लिए शैशवावस्था एक महत्वपूर्ण समय है। स्मृति के लिए तंत्रिका नेटवर्क महत्वपूर्ण हैं। केसर न्यूरोनल नेटवर्क के विकास और इसके सुदृढ़ीकरण की इस प्रक्रिया में सहायता कर सकता है, जिससे स्मृति में वृद्धि होती है।

**बेबी की त्वचा के लिए फायदेमंद**-बच्चों की त्वचा का रूखा होना आम बात है। ऐसे में, आप मॉइस्चराइजर क्रीम और लोशन का उपयोग नहीं कर सकती क्योंकि बच्चे की त्वचा वयस्क त्वचा की तुलना में बहुत अधिक संवेदनशील होती है। केसर इस समस्या को दूर करने में मदद करता है। यह आपके बच्चे को मुलायम और स्वस्थ त्वचा भी देता है। बेबी के लिए ऐसे इस्तेमाल करें केसर केसर का तेल बनाएं और उसकी मालिश करें आप रात को नारियल या बादाम के तेल में केसर के एक दो रेशे मिला सकती हैं। फिर इस तेल का इस्तेमाल आप बेबी की मालिश करने के लिए कर सकती हैं।



## क्या आपका फाउंडेशन आपकी स्किन टोन को गहरा बना रहा है? तो जानिए इससे बचने का तरीका

आप सबके मेकअप किट में आपकी स्किन टोन के अनुसार फाउंडेशन जरूर होगा। यह तुरंत आपके चेहरे पर ग्लो लाने का काम करता है। लेकिन क्या इसके निरंतर इस्तेमाल से आपका स्किन टोन गहरा होने लगता है? जानिए पूरी बात ब्यूटी वर्ल्ड में गहरी त्वचा का टैबू आज भी मौजूद है। खूबसूरत लगना यानी गोरी त्वचा। इस धारणा ने आज भी सबके मन में घर किया है। इसलिए ब्यूटी ब्रांड्स आपकी जरूरतों और मांगो को ध्यान में रखते हुए प्रोडक्ट्स का उत्पादन करती है। मेकअप की सबसे बुनियादी जरूरत है फाउंडेशन। यह मेकअप से पहले त्वचा पर बेस बनाने का काम करता है।अलग स्किन टोन के अनुसार ब्यूटी ब्रांड्स विभिन्न टोन के फाउंडेशन की मार्केटिंग करते हैं। कभी-कभी सही फाउंडेशन का चयन करना मुश्किल हो जाता है। ऐसा होने पर यह अलग से आपकी त्वचा पर दिखता है और भद्दा लग सकता है। लेकिन आपके विशेषज्ञ भी मेकअप को लंबे समय तक त्वचा पर रखने के लिए मना करते होंगे। ऐसा उनमें मौजूद केमिकल के कारण किया जाता है।जी हां, फाउंडेशन भी ज्यादा देर तक आपकी त्वचा के संपर्क में नहीं रहना चाहिए। इससे आपकी त्वचा के प्राकृतिक निखार में गिरावट आ सकती है।

# व्हाइट डीपनेक

## ड्रेस में निया शर्मा ने बिखेरा हुस्न का जादू

छोटे पर्दे की हॉट एक्ट्रेस निया शर्मा सोशल मीडिया पर आए दिन धमाल मचाती रहती हैं। अपने हालिया फोटोशूट में निया शर्मा बेहद बोल्ड पोज़ देती दिखाई दे रहीं हैं, तो आइए आपको दिखाते हैं उनकी ये तस्वीरें। इन फोटोज़ में निया शर्मा व्हाइट कलर की डीपनेक ड्रेस में फैन्स



को मदहोश करती नजर आ रहीं हैं। तस्वीरों में निया शर्मा ने अपने गले में हैली नेकलेस कैरी किया है और अपने बालों को लाइट कर्ल के साथ खुला छोड़ा है।अपनी इन तस्वीरों में निया शर्मा अपने हुस्न का जादू फैन्स पर बिखेरती नजर आ रहीं हैं, जिन्हें देख फैन्स आहें भरते नजर आ रहे हैं।सोशल मीडिया पर निया शर्मा कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में तहलका मचाती रहती हैं। निया शर्मा को उनकी लुक्स, स्टाइल, ड्रेसिंग सेंस और बोल्डनेस के लिए जाना जाता है। अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज़ फैन्स के साथ शेयर कर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। अपनी इन लेटेस्ट फोटोज़ में अनन्या पांडे बेहद स्टाइलिश और क्लासी लग रहीं हैं, तो आइए आपको दिखाते हैं उनकी ये तस्वीरें। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे थाई-हाई शॉर्ट वनपीस ड्रेस में बेहद हॉट नजर आ रहीं हैं।

# *Neha Shetty* से रिपोर्टर ने बॉडी पर तिल को लेकर पूछा बेहूदा सवाल, ऐक्ट्रेस के जवाब ने कर दी बोलती बंद

**ट्रेलर लॉन्च के दौरान ऐक्ट्रेस नेहा शेट्टी को एक बेहूदे सवाल का सामना करना पड़ा। अब उन्होंने इस पर रिएक्ट करते हुए करारा जवाब दिया है और रिपोर्टर की बोलती बंद कर दी है** फिल्म इंडस्ट्री में कई बार ऐक्टर्स से ऐसे सवाल पूछ



लिए जाते हैं, जो न सिर्फ उन्हें अनकंफर्टेबल कर देते हैं, बल्कि कई बार ऐसे सवाल पूछने वाले रिपोर्टर्स की आलोचना भी की जाती है। कुछ ऐसा ही ऐक्ट्रेस नेहा शेट्टी के साथ भी हुआ, जब एक ट्रेलर लॉन्च के दौरान उन्हें एक अजीबोगरीब सवाल का सामना करना पड़ा। अब उन्होंने इस पर रिएक्ट करते हुए करारा जवाब दिया है और रिपोर्टर की बोलती बंद कर दी है।सवाल-जवाब के दौरान जब ऐक्टर सिद्धू जोन्नालगड्डा से रिपोर्टस सवाल पूछ रहे थे, उसी दौरान एक रिपोर्टर ने लाइन क्रॉस करते हुए ट्रेलर के एक डायलॉग का हवाला देते हुए उनसे पूछा, क्या उन्होंने अपनी को-ऐक्ट्रेस नेहा शेट्टी के बॉडी पर तिलों की संख्या गिनी है ये सवाल सुनकर वो असहज हो जाते हैं और इस सवाल का कोई जवाब नहीं देते हैं। वहीं, ऐक्ट्रेस भी शांति से स्माइल करती हैं और कंफ्यूज नजर आती हैं। उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि शायद उन्हें तेलुगू समझ नहीं आई, इसलिए उन्हें सवाल भी समझ नहीं आया।हालांकि, जब सोशल मीडिया पर क्लिप वायरल हुई और फैंस ने सवाल पूछने वाले को खरी-खरी सुनाई तो नेहा ने भी इस पर रिएक्ट किया और बताया कि उस दिन क्या हुआ था। उन्होंने लिखा, ट्रेलर लॉन्च पर पूछा गया सवाल बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन मुझे ये ऐड करना होगा कि ये दर्शाता है कि उसके खुद के लिए और वर्क प्लेस, घर या आसपास मौजूद महिलाओं के लिए कितना सम्मान है।




# कोहली मोहाली में खेलेंगे 100वां टेस्ट

## श्रीलंका सीरीज के शेड्यूल में बदलाव, 24 फरवरी को शुरू होगी टी-20 सीरीज; पहला टेस्ट अब बेंगलुरु में नहीं

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जाने वाली घरेलू लिमिटेड ओवर सीरीज की तैयारियों में जुटी हुई है। इसके तुरंत बाद ही भारत को श्रीलंका की भी मेजबानी करनी है। पहले 25 फरवरी से भारत-श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज होने वाला था, लेकिन अब शेड्यूल में बदलाव किया गया है। इसलिए पहले दोनों टीमों के बीच टी20I सीरीज खेली जाएगी।वहीं, दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 4 से 8 मार्च के बीच बेंगलुरु के बजाय अब मोहाली में होगा।

जिसका मतलब है कि विराट कोहली अपना 100वां टेस्ट मैच मोहाली के मैदान पर खेलने उतरेंगे। हालांकि बोर्ड ने इसका ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया है।

**कोहली को 100वें टेस्ट का इंतजार**-साउथ अफ्रीका दौरे पर खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान विराट कोहली को अपना 100वां टेस्ट मैच खेलना था, लेकिन चोट के चलते उनको दूसरे मैच से बाहर बैठना पड़ा, जिसके चलते उनके 100वें टेस्ट का इंतजार बढ़ गया।

अगर श्रीलंका के साथ पहला टेस्ट बेंगलुरु में ही खेला जाता, तो ये विराट के लिए बहुत खास हो सकता था। दरअसल, पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली IPL में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की टीम से ही खेलते हैं और उनको बेंगलुरु का मैदान काफी पसंद भी है।

## IPL 2022: पाकिस्तान सुपर लीग को बीच में छोड़कर भारत लौटे लखनऊ के मुख्य कोच एंडी फ्लावर, मेगा नीलामी में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली। मुल्तान सुल्तान्स के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने पाकिस्तान सुपर लीग को बीच में ही छोड़ दिया है और इंडियन प्रीमियर लीग 2022 मेगा नीलामी में भाग लेने के लिए भारत के लिए रवाना हुए हैं। 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होने वाली दो दिवसीय मेगा नीलामी के लिए फ्लावर भारत में होंगे। जिम्बाब्वे के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक एंडी फ्लावर को नई आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा आगामी 2022 सीजन के लिए मुख्य कोच के रूप में जोड़ा गया है। इंग्लैंड के पूर्व मुख्य कोच फ्लावर 2020 और 2021 सीजन में पंजाब किंग्स कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे।

# जयपुर में बनेगा दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम

## सीएम गहलोत और बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली ने किया शिलान्यास, 280 करोड़ में होगा पहले फेज का निर्माण

जयपुर। राजस्थान के खेल प्रेमियों का लंबा इंतजार समाप्त हो गया है। शनिवार को जयपुर दिल्ली बाईपास पर दुनिया के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली, सेक्रेटरी जय शाह समेत राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। पहले चरण में स्टेडियम निर्माण में कुल 280 करोड़ रुपए की लागत आएगी। जिसमें स्टेडियम के साथ ही प्रैक्टिस ग्राउंड के साथ ही हॉस्टल, स्पोर्ट्स क्लब और जिम भी बनाया जाएगा।इस दौरान श्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज का दिन राजस्थान क्रिकेट के लिए स्वर्णिम अवसर



है। ऋ्ष्ट के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी ने देखा था, जयपुर में आरसीए का अपना स्टेडियम का सपना। राजस्थान में प्रोफेशनल क्रिकेट का माहौल बन रहा है। दुनिया के 10 में से 7 बड़े स्टेडियम भारत में हैं और राजस्थान के का ये स्टेडियम तीसरे स्थान पर होगा। ये राजस्थान के खिलाड़ी और प्रदेश वासियों के लिए गौरव की बात है।गहलोत ने कहा की दीपक चाहर, महिपाल, राहुल चाहर, खलील अहमद और अब रवि बिश्नोई का भारतीय टीम में होना बड़ी उपलब्धि है। ऐसी उम्मीद है कि अब राजस्थान को बीसीसीआई इग्नोर नहीं होने देगा। आईपीएल मैचों में राजस्थान को प्रिफरेंस दीजिए। राजस्थान को यदि मैच देंगे तो राजस्थान के साथ न्याय होगा। भारत-न्यूजीलैंड के मैच में जाने का उन्हें मौका मिला जहां अच्छा प्रबंधन था। आगे भी उम्मीद है कि मैच का आयोजन होता है। तो राजस्थान सरकार की तरफ से भी बीसीसीआई को पूरा सहयोग मिलेगा।बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि पिछले दस साल में काफी संसाधनों का विकास हुआ है।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# अमेरिका के गले की नई फांस बनेगा यूक्रेन?



राम गोपाल सैनी

पूर्व सोवियत गणराज्य यूक्रेन पर अपना प्रभुत्व जमाने को लेकर रूस और अमेरिका के बीच पैदा सैन्य तनाव खुली लड़ाई में बदला तो इसके भयावह नतीजे न केवल यूरोप बल्कि पूरी दुनिया को झेलने पड़ सकते हैं। इसके मद्देनजर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की समर नीति पर सवाल नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) में भी उठाए जाने लगे हैं। पूछा जा रहा है कि रूस की घेरेबंदी की इस नीति पर अड़े रहना अमेरिका के लिए दीर्घकालीन नजरिये से कितना अनुकूल होगा। रूस से सीधे टकराव की स्थिति में अमेरिका का ध्यान हिंद-प्रशांत के क्वाड (अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान) गठजोड़ को मजबूत करने से हट जाएगा, जिससे चीन को भारी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि अमेरिका ने चीन को सबसे बड़ी सामरिक चुनौती के तौर पर घोषित किया है। इसलिए उसे चीन से निबटने की प्राथमिकता के मद्देजनर रूस के साथ होड़ को दुश्मनी में नहीं बदलना चाहिए था।कहा जा रहा है कि अपनी सीमाओं से हजारों मील दूर जाकर अपनी दादागीरी दिखाना अमेरिका पर उसी तरह भारी पड़ेगा, जैसा कि पश्चिम एशिया में पिछले दो दशकों के दौरान सबने देखा है। हालांकि अफगानिस्तान में अमेरिकी हस्तक्षेप के लिए अलकायदा-तालिबान गठजोड़ ने उकसाया था। उस हमले का पूरी दुनिया ने स्वागत भी किया था। लेकिन इसके बाद अमेरिका उस शेर जैसा बर्ताव करने लगा, जिसे मानव-खून का स्वाद लग गया हो। अफगानिस्तान में आतंकवाद से लड़ने का मिशन शुरू ही हुआ था कि अमेरिका ने इराक की गैरकट्टरपंथी मानी जाने वाली सद्दाम हुसैन सरकार को गिराने के लिए उस पर मनगढंत आरोप लगा दिए। कहा कि इराक परमाणु हथियार बना रहा है। ये आरोप कभी सिद्ध नहीं हुए, लेकिन अमेरिका ने सद्दाम हुसैन की सरकार को गिरा कर ही दम लिया। इराक में अमेरिका की पिट्ठू सरकार तो बनी लेकिन वहां वह प्रभुत्व नहीं जमा सका। इराक और आसपास के इलाकों में इस्लामिक स्टेट नाम के अधिक खूंखार आतंकवादी संगठन ने जन्म लिया औऱ कुछ ही सालों में इसने अपने पांव न केवल पूरे पश्चिम एशिया में फैला लिए बल्कि दक्षिण एशियाई मुल्कों में भी इसके गुर्गे देखे जाने लगे।

# देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल में मिल रही आरजीएचएस की सुविधा

चौमूं (हमारा वतन) देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल (फेको सर्जरी सेंटर) के चौमूं एवं किशनगढ़ रेनवाल सेंटर में RGHS (आरजीएचएस)- राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना का लाभ सरकारी कर्मियों को मिल रहा है । हॉस्पिटल निदेशक विमल कुमावत ने बताया कि आरजीएचएस योजना के अंतर्गत अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी (ऑपरेशन ) एवं दवाइयो पर कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है 7 राजस्थान सरकार के सभी कर्मचारी ,पेंशनर्स एवं विद्युत विभाग (JVVNL,RVPN,AVVNL,RVUNL,JdVVNL) के सभी कर्मचारी एवं पेंशनर्स इस योजना का हमारे अस्पताल में लाभ ले सकते हैं । साथ ही पावर सेक्टर की कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों जिनका अपॉइंटमेंट 01-01-2004 से पहले हुआ है ,उनका आरजीएसएस रेट के द्वारा केस बेसिस पर उपचार किया जाएगा ।

DLMEH
Eye Care We Care

# जयपुर जिले की सात ग्राम पंचायतें हुई शत प्रतिशत वैक्सीनेटेड

**जयपुर(नि.सं.)।** जयपुर जिला 18 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के शतप्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन के लक्ष्य की और अग्रसर है जिसके अन्तर्गत गुरूवार को जयपुर जिले की कोटपूतली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोहनपुरा एवं जमवारामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बूज एवं शाहपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हनुतिया व हनुतपुरा, ग्राम पंचायत घासीपुरा एवं उदावाला में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को शतप्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगावाने की उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व गोविन्दगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत डोढ़सर ने भी 18 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के शत प्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगवाने की उपलब्धि हासिल की थी। जिला कलक्टर राजन विशाल ने इस अवसर पर मोहनपुरा ग्राम पंचायत सरपंच गिलकों देवी, बूज ग्राम पंचायत सरपंच सीमा मीणा एवं डोढ़सर ग्राम पंचायत सरपंच बीना कॅवर, हनुतिया ग्राम पंचायत सरपंच महावीर प्रसाद मीणा, हनुतपुरा ग्राम पंचायत सरपंच रेखा देवी, घासीपुरा ग्राम पंचायत सरपंच सरोज देवी एवं उदावाला ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती बनारसी देवी को अर्द्धशासकीय पत्र भेजकर बधाई दी साथ ही ग्रामवासियों को भी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को हासिल करने पर शुभकामनाएं दी।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# पंडित रविंद्र आचार्य ने किया बसंत पंचमी पर साधु - संतों का सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने विद्या की देवी माता सरस्वती के जन्मदिन बसंत पंचमी पर चौमूं क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों और मठों के साधु-संतों का सम्मान किया । आचार्य ने चौमूं क्षेत्र के जैतपुरा डूंगरी स्थित हनुमान जी का मंदिर, नव दुर्गा मंदिर ,इमली वाले हनुमान जी मंदिर , सुन्डया वाली बगीची, बाल दास जी की बगीची और राधा बाग स्थित गायत्री माता मंदिर के साधू संतों का सम्मान किया । आचार्य ने सम्मान स्वरूप भगवा वस्त्र, फल और दक्षिणा प्रदान की । पंडित रविंद्र आचार्य ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान की देवी सरस्वती मां का जन्मदिन है और ज्ञान के बिना कुछ भी संभव नहीं है । ज्ञान गुरु दे सकता है और ज्ञान के लिए साधु संतों का आशीर्वाद जरूरी है । समाजसेवी रामलाल जाट ने बताया कि आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सभी को संतों की सेवा करनी चाहिए ,यह बहुत ही पुण्य का कार्य है । इस दौरान पंडित अमित आचार्य, पंडित मुरारी लाल शर्मा , मोनू शर्मा आदि

# राज्य के गौरवशाली इतिहास की जानकारी का रोचक संग्रहण होगा - डा. सी.पी. जोशी

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा में बनने वाले संग्रहालय में राजस्थान के ऐतिहासिक विकास की तस्वीर दिखाई देगी । उन्होंने बताया कि संगहालय में राजस्थान के गौरवशाली इतिहास की जानकारी रोचक तरीके से प्रदर्शित की जायेगी । यह म्यूजियम डिजीटल होगा । लोग हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जानकारी सुन सकेंगे । विधान सभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने यहां विधान सभा में हाईटेक डिजीटल म्यूजियम निर्माण की प्रगति,प्रकियागत विषय की समीक्षा और अन्य विषयों के संबंध में गठित हाई पॉवर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की ।

# आदर्श कॉपरेटिव के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो:दीयाकुमारी

जयपुर (नि.सं.)। सांसद दीयाकुमारी ने आदर्श कॉपरेटिव सोसायटी द्वारा किये गए करोड़ों रुपये के घोटाले में आम जनता के साथ हुई ठगी का मुद्दा संसद के बजट सत्र में उठाते हुए निवेशको की जमापूंजी मयब्याज सहित वापस दिलाने की मांग की है। सांसद दीयाकुमारी ने लोकसभा में नियम 377 के तहत आदर्श कॉपरेटिव सोसायटी द्वारा की गई धोखाधड़ी पर आसान के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि कोई भी निवेशक, निवेश करने वाली संस्था में विश्वास करते हुए अपनी जमापूंजी को आने वाले अच्छे भविष्य व जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए निवेश करता है, परन्तु वही संस्था उसे धोखा दे देती है और उसके साथ ठगी कर लेती है तो उससे उस निवेशक के साथ ही पूरा समाज भी प्रभावित होता है। सांसद ने कहा कि ऐसा ही कार्य आदर्श कॉपरेटिव सोसायटी द्वारा किया गया है, देश के विभिन्न राज्यों में लाखों निवेशकों के करोड़ों रूपयों को अपने यहां जमा करके उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। इसमें ऐसे कई निवेशक है, जिनका जीवन भर का पैसा यहां जमा था जो अब दर-दर की ठोकर खाने को विवश हो रहे हैं।

राजस्थान में कोरोना की नई गाइडलाइन

# शादी में 250 लोगों को परमिशन नाइट कर्फ्यू भी खत्म



जयपुर(नि.सं.)। सरकार ने कोरोना पाबंदियों में एक बार फिर छूट देते हुए संशोधित गाइडलाइन जारी की है। नई गाइडलाइन में अब प्रदेश भर में रात 11 से सुबह 5 बजे तक का नाइट कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया है। वहीं शादी से लेकर हर समारोह में 100 लोगों की लिमिट को बढ़ाकर 250 कर दिया है। धार्मिक केंद्रों पर श्रद्धाुओं के प्रवेश को अनुमति दे दी गई है। श्रद्धालु अब मंदिर से लेकर हर धार्मिक केंद्र पर दर्शन करने के साथ प्रसाद भी चढ़ा सकेंगे। अब तक प्रसाद, माला चढ़ाने पर पाबंदी थी। गृह विभाग ने संशोधित गाइडलाइन जारी कर दी है। यह गाइडलाइन 5 फरवरी से लागू होगी। नई गाइडलाइन के प्रावधान 5 फरवरी से लागू माने जाएंगे। हर तरह के सार्वजनिक समारोह, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक गतिविधि में 250 लोगों को शामिल होने की अनुमति होगी। इस लिमिट से बैंड वालों को अलग रखा गया है। कुछ पाबंदियां जारी रहेंगी। राजस्थान में अब हर सप्ताह पाबंदियों में छूट दी जा रही है। 10 वीं से 12 वीं तक के स्कूल खोलने की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है। नाइट कर्फ्यू खत्म होने से अब लोगों को रात भर आवाजाही की छूट रहेगी। हर तरह के समारोह या सार्वजनिक आयोजन के लिए वैक्सीन की डबल डोज वाले लोग ही शामिल हो सकेंगे। प्रशासन इसकी मॉनिटरिंग करेगा। हर समारोह की पहले अनुमति लेनी होगी।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मोः 7296873757
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा